सेंट जेवियर स्कूल के सामने कचरा डंपिग प्वांइट को खाली कर स्वच्छ साफ सुथरा स्थल बनाया गया गया

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन 02 वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत कचरा डपिंग प्वांइट को हटाने की कार्यवाही की गई। वार्ड क्रण् 14 सड़क नम्बर 09 सेंट जेवियर स्कूल के सामने कचरा डपिंग प्वांइट बना दिया गया था। जिसकी शिकायत मिल रही थी अड़ोस–पड़ोस के लोग कचरा लाकर वहां डाल रहे थे। जिसे निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर स्थल निरीक्षण कर डपिंग प्वांइट को व्यवस्थित किया एवं स्थल पर चेतावनी बोर्ड लगा दिया गया है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव को शिकायत मिली थी कि जोन 02 वैशाली नगर क्षेत्र में सेंट जेवियर स्कूल के सामने कचरा डपिंग किया जा रहा है, जहां से आने–जाने वालो को गंदगी एवं बदबु का सामना करना पड़ता था। छात्र पढ़ाई.लिखाई करते हैं, शिकायत के आधार पर आयुक्त ने निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये, कि संबंधित स्थल का निरीक्षण कर वहां को व्यवस्थित करावे, जिससे नगर को स्वच्छ सुंदर व्यवस्थित बनाना है। निर्देश उपरांत स्वास्थ्य विभाग का अमला मौके पर पहुंच कर सफाई किया व चूने की मार्किंग की गई । स्थानी लोगों को समझाइस दी गई कि दोबारा यहां पर कोई कचरा नहीं फेंकेगा। कचरा फेकते हुए पाये जाने वालों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। महापौर नीरज पाल ने कहा है कि ऐसी जगह का पर सौंदर्यकरण कर दिया जाएगा। इसमें स्थानी निवासियों के सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी। हम सब का उद्देश्य है हमारा नगर निगम स्वच्छ सुंदर व्यवस्थित हो । जो सबके सहयोग से ही संभव होगा। कार्यवाही के दौरान स्वास्थ्य विभाग जावेद अली, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा एवं सुपरवाइजर अंजनी सिंह अपने दल के साथ उपस्थित रहे।